**सं0-21/2017/503/38-6-17-11(एसआरएलएम)/2017**

**प्रेषक,**

**अनुराग श्रीवास्तव,**
**प्रमुख सचिव,**
**उ0प्र0 शासन।**

**सेवा में,**

**1-समस्त जिलाधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**
**2-समस्त मुख्य विकास अधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

**ग्राम्य विकास अनुभाग-6** **लखनऊः दिनांक- 04 अगस्त, 2017**

**विषयः- मिशन अन्त्योदय के अन्तर्गत प्रदेश में 10783 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किये जाने के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0-18/2017/466/38-6-17-11(एसआरएलएम)/2017, दि0-12.07.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से गरीबी मुक्ति हेतु ग्राम पंचायत का चिन्हांकन करते हुए सूची आयुक्त, ग्राम्य विकास को उपलब्ध कराये जाने के आदेश निर्गत किये गए है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में उक्त शासनादेश दि0-12.07.2017 में निर्धारित मानकों के अनुसार जनपद के मा0 सांसदगण/विधायकगण से भी गरीबी मुक्त गांव बनाने हेतु ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव प्राप्त कर उनका योजना की गाइड लाइन के अनुसार परीक्षण करते हुए निर्धारित तिथि दि0-30.07.2017 के स्थान पर प्रत्येक दशा में अब **संशोधित तिथि 16.08.2017** तक आयुक्त, ग्राम्य विकास को चिन्हांकित ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3- उपरोक्तानुसार चिन्हांकन करने एवं ग्राम पंचायतों की सूची तैयार कराते समय इस तथ्य का विशेष रूप से यथासंभव यह ध्यान रखा जाए कि मिशन अन्त्योदय के अन्तर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों के चिन्हांकन पर विचार कर लिया जाय जो पूर्व में भारत सरकार/राज्य सरकार की किसी योजना से आच्छादित न रही हों और उन ग्रामों में प्राथमिकता पर गरीबी उन्मूलन किया जा सके।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

**भवदीय,**

**अनुराग श्रीवास्तव**
**प्रमुख सचिव।**

**सं0-21/2017/503(1)/38-6-2017 तददिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

http://shasanadesh.up.nic.in

1- आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 को इस आश्य से कि जनपदों से ग्रामों की सूची प्राप्त कर कृपया योजना के सफल संचालन हेतु अग्रिम कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त संयुक्त विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
4- गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**उमा कान्त पाठक**
**उप सचिव।**

http://shasanadesh.up.nic.in